आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 02.2.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय बजट 2025 को भारत की प्रगति के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम बताया है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– केंद्रीय बजट से उत्तराखंड में विकास कार्यों को मिलेगी गति।
- प्रदेश में आज बसंत पंचमी का पर्व पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।
- उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में अबतक हुए मुकाबलों में देशभर के खिलाड़ियों ने 103 स्वर्ण, 103 रजत और 126 कांस्य पदक समेत कुल 332 पदक जीते।
- केरल में राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक मीट प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम ने 11 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते।

केंद्रीय बजट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय बजट 2025 को भारत की प्रगति के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की देश की यात्रा को गति देने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री मोदी ने कहा कि यह बजट एआई, खिलौना विनिर्माण, कृषि, फुटवियर, खाद्य प्रसंस्करण और गिग अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों में नवाचार, उद्यमिता और सतत विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह बजट एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संसद में बजट पेश किए जाने के बाद अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

श्री मोदी ने कहा कि यह बजट हर भारतीय के सपनों को पूरा करता है। उन्होंने बजट को सशक्त बनाने वाला बताया और कहा कि यह देश में बचत, निवेश, खपत और विकास को बढ़ावा देगा।

बजट प्रतिक्रिया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सालाना 12 लाख रुपए तक की आय को कर मुक्त करते हुए देश के मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकासोन्मुखी और जनकल्याणकारी बजट प्रस्तुत किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को शानदार और संतुलित बजट के लिए बधाई देते हुए कहा कि केंद्रीय बजट से, उत्तराखंड को कई योजनाओं से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ होगा।

आकाशवाणी से बातचीत में राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट ने बताया कि केंद्रीय बजट में उत्तराखंड के लिए कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रावधान किए गये हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष और चकराता से कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि उत्तराखंड लंबे समय से ग्रीन बोनस की मांग कर रहा है लेकिन इस बजट में ग्रीन बोनस को लेकर कोई प्रावधान नहीं रखा गया।

## बसंत पंचमी

आज बसंत पंचमी का पर्व प्रदेशभर में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा कि बसंत पंचमी केवल ज्ञान और विद्या का ही नहीं, बल्कि प्रकृति के नव निर्माण का पर्व भी है। यह किसानों के परिश्रम, समर्पण और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मां सरस्वती के आशीर्वाद से प्राप्त ज्ञान से हम लोक कल्याण, मानवता, विश्व शांति और समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बसन्तोत्सव प्रकृति के श्रृंगार और नई ऊर्जा का संचार करने वाला पर्व है। यह दिन माता सरस्वती को भी समर्पित है, जो ज्ञान, संगीत और कला की देवी हैं। इस मौके पर हरिद्वार सहित अन्यों घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं। स्नान को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम के साथ यातायात रूट प्लान लागू किया हुआ है।

## सहकारी चुनाव

प्रदेश में बहुउद्देशीय किसान सहकारी समितियों की प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव की तिथियां तय कर दी गई हैं। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 11 फरवरी को समिति कार्यालयों में अंतिम मतदाता सूची चस्पा कर दी जाएगी। प्रदेश की कुल 39 समितियों के संचालक पदों के लिए 24 फरवरी को मतदान व परिणाम की घोषणा होगी। इसके बाद 25 फरवरी को सभापति व उपसभापति पदों के लिए मतदान के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## राष्ट्रीय खेल–01

खेल जगत से––– उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल पूरे जोश और उत्साह के साथ चल रहे हैं। आज छठे दिन राष्ट्रीय खेलों की विभिन्न स्पर्धाएं खेली जानी है। अबतक हुए मुकाबलों में देशभर के खिलाड़ियों ने 103 स्वर्ण, 103 रजत और 126 कांस्य पदक समेत कुल 332 पदक जीते हैं। सर्विस कंट्रोल बोर्ड 14 स्वर्ण और 7 रजत पदक के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर बना हुआ है। कर्नाटक 13 स्वर्ण और 5 रजत पदक के साथ एक रैंकिग की छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण और 18 रजत के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं, उत्तराखंड एक स्वर्ण और 7 रजत के साथ अंक तालिका में खिसकर 18 पाएदान पर पहुंच गया है।

38वें राष्ट्रीय खेलों के पांचवें दिन खो–खो प्रतियोगिता में महाराष्ट्र ने अपना दबदबा कायम रखते हुए पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पुरुष वर्ग के फाइनल में महाराष्ट्र ने ओडिशा को 32–26 के स्कोर से हराया, वहीं महिला वर्ग में भी महाराष्ट्र ने ओडिशा को 31–28 से मात दी।

वहीं, पुरुषों की कांस्य पदक प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल और केरल के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। दोनों टीमों ने एक ही समय पर खेल समाप्त किया, जिसके चलते मुकाबला सडन डेथ में गया और दोनों टीमों को संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय खेल–02

अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा खेल स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय योगासन की विभिन्न प्रतियोगिताएं कल भी जारी रही। इस प्रतियोगिता में 22 राज्यों के 171 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। उत्तरप्रदेश की प्रतिभागी आर्यांशी ने कहा कि उन्होंने तमिलनाडु में पिछले राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता था इस बार भी वे फाइनल के लिए चयनित हुई हैं।

पिथौरागढ़ के हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज में राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत बॉक्सिंग प्रतियोगिताएं खेली जा रही है। पिथौरागढ़ से हमारे सहयोगी ने बताया कि महिला और पुरुष वर्ग में कुल मिलाकर दूसरे दिन 27 मुकाबले खेले गए।

## मास्टर्स एथलेटिक मीट

केरल के कुन्नमकुलम में 31 जनवरी से 3 फरवरी तक छठी राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक मीट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों से 35 से 85 वर्ष की आयु के करीब 1 हजार 500 मास्टर्स पुरुष और महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कल खेली गई प्रतियोगिता में देवभूमि मास्टर्स एथलेटिक और खेल विकास संघ की 45 सदस्यीय टीम ने 11 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते।